[श्री कंवर लाल गुप्त]

डिस्कशन जल्दी खत्म होने वाला नहीं है इसलिये इसको कल लिया जाय और मेरे विषय पर बहस शुरू की जाय ।

सभापति महोदय : जिन्होंने अमेण्डमेन्ट्स दी हैं, उनके बाद ।

SHRI BAL RAJ MADHOK (South Delhi) : May I submit that we have our other engagements and we have adjusted our programme according to this ? Therefore we would like you to take up the next item.

MR. CHAIRMAN : That will take only five minutes.

SHRI BAL RAJ MADHOK : You are not going to finish it in five minutes.

MR. CHAIRMAN : I will call only Shri Dandeker and than take up the next item.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Then the Minister will reply. In this already five minutes have gone.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH (Nandyal) : This is an important clause. Of course, Shri Madhu Limaye has said that those who have not moved amendments should not be allowed to speak but this is a matter on which some of our Members also would like to offer their opinion. I therefore request you to consider this matter and allow some more time.

MR. CHAIRMAN : Others will be given time but after we have finished with the list of those who have move amendments.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : How can they speak in support just in five minutes ?

MR. CHAIRMAN : Not today.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Then, hold it over.

MR. CHAIRMAN : All right.

17.03 hrs.

DISCUSSION RE : DETERIORATING LAW AND ORDER SITUATION IN DELHI

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : सभापति जी, दिल्ली में अपराधों की संख्या इतनी तेजी से बढ़ती जा रही है कि हम रोजाना समाचार-पत्रों में पढ़ते हैं कि आज वहां पर कत्ल हो गया, कल वहां कत्ल हो गया । कत्ल, छुरेबाजी, चोरी और डकैती की वारदातें रोजाना बढ़ती जा रही हैं । सभापति जी, आप स्वयं दिल्ली में रहते हैं, जितनी इनसिक्योरिटी आज एक कौमन-मैन दिल्ली में फील करता है, वैसी कभी नहीं थी । ये सोफेस्टीकेटेड क्राइम्ज आर्गनाइज्ड गैंग्ज के जरिये होते हैं और मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि इतना कुछ होने के बाद भी आज तक पुलिस को जो कार्यवाही करनी चाहिये, उसमें पुलिस पूरी तरह से कोताही कर रही है ।

सभापति जी, आपने पढ़ा होगा—कोई भी कत्ल होता है, पुलिस उसका कुछ न कुछ जवाब दे देती है । मुझे मालूम है कि मंत्री जी कुछ आंकड़े देंगे, जो उनका हमेशा का टैकनीक है, कि पहले इतने कत्ल हुए, इस साल इतने कत्ल हुए, पहले इतनी चोरियां हुईं, इस साल इतनी हुई । मुझे इन आंकड़ों से कोई मतलब नहीं है । ये आंकड़े लोगों को तसल्ली नहीं दे सकते, ये आंकड़े लोगों के मन में सिक्योरिटी नहीं ला सकते, विश्वास नहीं ला सकते । जब तक पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठायगी, तब तक लोगों के अन्दर विश्वास नहीं आ सकता कि पुलिस उनकी रक्षा कर सकती है ।

यह सिर्फ दिल्ली का सवाल नहीं है । गाजियाबाद यू० पी०, हरियाणा, पंजाब, आसपास के जो गुण्डे हैं यहां आकर ठहरते हैं और दिल्ली एक ऐसा केन्द्र बन गया है जहां पर हम कह सकते हैं कि यह सेफेस्ट-हाइड-आउट हो गया है, जहां वे सुरक्षा से और आराम से रहते हैं । यहां की पोश-कालोनीज के अन्दर, डिफेन्स कालोनी और दूसरी कालोनीज में सोफेस्टिकैटेड क्राइम्ज होते हैं । वहां नेकेड-फिल्म्ज दिखाई जाती हैं, जिसके लिये एन्ट्री का 20-20 और 25-25 रुपया लिया जाता है, वहां लिकर सर्व होती है, और सब

तरह की खुराफात वहां होती है ...

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : कहां होती हैं ।

श्री कंवर लाल गुप्ता : कहीं भी जाकर देख लीजिये ।

एक आतंक दिल्ली के लोगों में छा गया है । लोगों की पुलिस में विश्वास नहीं रहा है और जब हम यहां बहस उठाते हैं तो मंत्री महोदय उसका जवाब दे देते हैं—कह देते हैं कि इसको ठीक करने की कोशिश करेंगे । लेकिन हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है । मेरी आपसे प्रार्थना है कि जब तक कोइ ठोस कदम नहीं उठाया जायेगा, काम नहीं चलेगा । ये आंकड़े तो धोखा देने वाले हैं ।

मेरी अपनी कांस्टीचूएन्सी में पिछले सप्ताह एक ही दिन में तीन कत्ल हुए । मल्का गंज, सब्जी मंडी में दो बच्चों का कत्ल हुआ । एक की उम्र 6 साल थी और दूसरे की तीन साल थी : वहां के स्कूल के चौकीदार का कत्ल किया गया - तीनों कत्ल एक ही समय में हुए—शाम के 6 बजे के लगभग और पुलिस ने उसकी एक शानदार कहानी बना दी कि ये तीनों कत्ल सोडेमी की वजह से हुए । एक मनगढ़न्त कहानी उन्होंने बनाकर पेश कर दी उन्होंने कहा है कि उसने बच्चों के साथ नाजा-यज़-फेल किया और जब बच्चा बेहोश हो गया तो छोटा बच्चा वहां खेल रहा, उसको कत्ल कर दिया, उसके बाद बड़े को कत्ल किया, उस के बाद खुद फांसी लगाकर मरने की कोशिश की, जब फाँसी नहीं लगी तो छुरी से रस्सी कांट दी और फिर कौपर-सल्फेट खा लिया । इस तरह से पुलिस ने एक अजीब सी कहानी बनाकर तीनों कत्ल कैसे हुए एक्सप्लेन कर दिया ।

मेरा कहना है कि अगर मंत्री महोदय उस इलाके में जा कर देखें तो उनको मालूम होगा कि एक दिन पहले उस व्यक्ति ने जिसके बच्चे कत्ल हुए हैं, पुलिस के पास जा कर यह कहा था कि स्कूल के अन्दर गुण्डे आकर रोज शराब पीते हैं, बदमाशी होती है, इसको रोकना चाहिए । लेकिन थाने वालों ने उसकी रिपोर्ट को नहीं लिखा । सभापति जी, जब उसके दो बच्चे चले गये और वह यह कहानी सुनता है, जो पुलिस ने बनाई है, तो यह बात जखम पर नमक छिड़कने जैसी है । इस तरह की कहानी पुलिस बना सकती है, लेकिन इससे लोगों के अन्दर विश्वास आने वाला नहीं है । आज दिल्ली की पुलिस की यह हालत हो गई है कि जिस तरह से शमशान में एक पुजारी होता है, एक मुर्दा आता है, वह मंत्र पढ़ता है, सवा रुपया लेकर कह देता है कि आग लगाओ, फिर दूसरा मुर्दा आता है, उसके साथ भी वही व्यवहार करता है । फिर तीसरा आता है, उसके साथ भी वह वही व्यवहार करता है । उसके चेहरे से कोई दुख प्रकट नहीं होता है, चाहे किसी का जवान मरा हो या छोटा मरा हो, वह तो अपना काम रोटीन की तरह से करता जाता है । उसी तरह से आज दिल्ली की पुलिस पर कोई असर नहीं होता है । वे कहते हैं कि अखबार वाले तो वैसे ही शोर मचाते हैं, हाईलाइट करते हैं । जब तक मंत्री महोदय इसके बारे में नहीं सोचेंगे जब तक कोई काम चलने वाला नहीं है । पुलिस एक रास्ता और निकालती है । जो रोज कत्ल होते हैं और शोर मचता है तो उसपर कहा जाता है कि राजनीतिक दल गड़बड़ करते हैं । राजनीतिक नेता कुछ गुंडों को पालते हैं—यहाँ तक कि ले० गवर्नर ने भी यह बात कही और बाद में उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा नहीं कहा लेकिन अखबार वालों ने कंट्राडिक्ट किया कि उन्होंने कहा है । तो मैं कहना चाहता हूँ यह उनका कवर है । दिल्ली में कोई किसी पार्टी का हो, हो सकता है इस तरह के दो केसेज हों लेकिन इस तरह कि इन्टरफियरेन्स या इस तरह की चीज नहीं होती है । केवल अपनी कमी और क्राइम्स को छिपाने के लिए इस तरह की आड़ ली जाती है और लोगों को बदनाम किया जाता है । अगर कोई ऐसा पोलिटिकल लीडर है तो उसका

[श्री कंवर लाल गुप्त]

कहना पुलिस को क्यों मानना चाहिए ? उनके पास तो कानून है, ताकत है उन्हें उसको सजा देनी चाहिए। जब हमारी मीटिंग हुई ले० गवर्नर के यहाँ तो सभी पार्टी के लोगों ने कहा कि अगर ऐसा कोई हो तो पब्लिकली आप उन पार्टी के लीडर्स को बतलाइए ताकि हर एक समझ जाये कि हमारा व्यक्ति गलत काम करता है, उसको यह काम नहीं करना चाहिए। इसलिए मेरा कहना है कि यह केवल एक कवर है, आड़ है, अपने पापों पर पर्दा डालने के अलावा और कुछ भी नहीं है।

सभापति जी, इसके क्या कारण हैं ? अगर आप देखेंगे तो यहाँ पर बहुत करप्शन है। करप्शन का सबसे बड़ा कारण जैसा कि हाई-कोर्ट के एक जज, जो कि इस सदन के सदस्य हैं, उन्होंने कहा था कि सबसे बड़ा आर्गेनाइज्ड गैंग पुलिस है। मैं तो यह नहीं कहूंगा लेकिन यह जरूर कहूँगा कि उस आर्गेनाइज्ड गैंग के साथ दिल्ली पुलिस की एक्टिव कनाइवेन्स जरूर है। कोई थाना ऐसा नहीं है, कोई एस० एच० ओ० ऐसा नहीं है जो कि उन गुण्डों के साथ न मिला हो। एक थाने की 50 हजार रुपए से लेकर पाँच लाख रुपए तक की पर मंथ आमदनी है। रिश्वत का बाजार गरम है। आप कहेंगे कि मैं स्वीपिंग रिमार्क्स कर रहा हूँ। मेरे पास खोसला कमीशन की रिपोर्ट है। मैं उसमें से कुछ अंश पढ़कर सुनाना चाहता हूं कि करप्शन के बारे में उन्होंने कहा है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट के पेज 489 पर लिखा है :—

> "We, therefore, see that almost every one agrees that corruption is prevalent to a very large extent in the police force among the low ranks and in a smallar measure in the higher echelons. It is not possible to say whether the constabulary is corrupt to the extent of 80 per cent or 90 per cent, but there is little doubt that, judging by the volume of complaints, it may be assumad that there is hardly a police constable or head constable or who can be said to be free from the canker of corruption; in any case, no: one of them is free from the chain of public accusation and mistrust. This is a very serious state of affairs and must be rectified at all costs."

यह उस कमीशन की रिपोर्ट करप्शन के बारे में है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि आप गवर्नमेंट सर्वेन्टस के असेट्स के बारे में जांच कराते हैं लेकिन क्या कभी आपने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के असेट्स के बारे में भी जाँच कराई है। मैं कहता हूं आप जांच करायें। यह ठीक है कि पूरी तफसील सामने नहीं आयेगी लेकिन कुछ चीजें जरूर सामने आयेंगी। हो सकता है उससे सरकार को कुछ लाभ हो।

तीसरा कारण यह है कि पुलिस की जो संख्या है वह बहुत कम है। यहां पर ला एण्ड आर्डर की यह प्राब्लम है और दूसरी तरफ तमाम डिग्निटरीज आते रहते हैं और सारी पुलिस उसमें लगी रहती है। इन्वेस्टिगेशन और डेटेक्शन के काम की तरफ पुलिस का ध्यान ही नहीं जाता है। आज निक्सन साहब आये, कल कोई दूसरा और परसों कोई तीसरा आयेगा — सारी पुलिस उस तरफ चली जायेगी और जो कत्ल के मामले की तरफ उनका ध्यान ही नहीं जायेगा। इसी कमीशन ने यह बात भी कही है कि दिल्ली में तीन डी० एस० पी० की कमी है, पाँच इंस्पेक्टर की कमी है, 202 सब इंस्पेक्टरों की कमी है, 405 हेड कांस्टेबिल्स की कमी है और 1186 कांस्टेबिल्स की कमी है। मुझे मालूम है कि आज मंत्री जी जो स्ट्रेन्थ सैंक्शन की है वह साल दो साल के बाद ही आ पायेगी। इसलिए मेरी मांग है कि अगर आप दिल्ली की पुलिस को माडल पुलिस बनाना चाहते हैं तो जब तक वे लोग ट्रेन हो कर आजायं तब तक के लिए आप आस पास की राज्य सरकारों से कहिए कि इस समय यहां पर जितनी कमी है उसको वे पूरा करें।

चौथी चीज यह है कि यहाँ के जो सीनियर

आफिसर्स हैं वे फील्ड में काम नहीं करते, उनका सुपर्विजन ठीक नहीं है—वे ज्यादातर किताबों और फाइलों का ही काम करते हैं। इसी कमीशन की रिपोर्ट से, किस तरह से काम होता है उसके बारे में भी पढ़कर सुनाना चाहता हूँ। पेज 151 पर उन्होंने कहा है :

> "The Commission during its inquiries found that in Delhi the Superintendent hardly ever supervises at the spot the investigation of a crime except in very sensational cases. The Sub Divisional Police Office supervises a few burglary and theft cases. The Superintendents spot report files are maintained by constables and Head Constables who make remarks for the Deputy Superintendent of Police to peruse. It is astonishing that this type of unauthorised and unwanted application should be a regular feature of Police work.

ये कितने डैमेजिंग रिमार्क्स हैं। समय थोड़ा है इसलिए मैं और ज्यादा नहीं कहना चाहता, मेरा कहना यह है कि ये जो पुलिस स्टेशन हैं जबतक वे इफेक्टिव नहीं होंगे तब तक कोई काम होने वाला नहीं है। आज उनकी इमेज भी बड़ी खराब है। हर थाने वाले गुंडों के साथ मिले हुए हैं। हो सकता है कुछ आफीसर हों लेकिन कुछ न कुछ आफीसर जरूर उनके साथ मिले हुए हैं, उन्हीं की कनाइवेन्स से होता है। उनके बारे में जो इम्प्रेशन है वह भी मैं आपके सामने पढ़ना चाहता हूँ :

> Indeed almost all the public witnesses who appeared before the commission have testified that the Police have no public image at all. people do not trust them because they are unreliable and corrupt.

सभापति जी, आखीर में मैं कुछ सुझाव देकर समाप्त करना चाहता हूँ। मेरा सबसे पहले कहना यह है कि मन्त्री महोदय अभी डी० एस० पी० और गजटेड आफिसर्स को दूसरे एरियाज में ट्रांसफर कर सकते हैं लेकिन अगर नीचे के आफिसर्स, एस० एच० ओ० वगैरह को भी ट्रांसफर करने की पावर लें, उनको भी दूर भेज सकें तो उससे सुविधा होगी। दूसरे, सेन्टर में जो सी० बी० आई० का मुहकमा है उसको कुछ दिनों के लिए सुपर्विजन करने के लिए लगाइए ताकि वे देखें कि ठीक तरह से रिपोर्ट दर्ज होती है या नहीं, रिश्वत कितनी है और जो रिश्वत लेते हैं उनको पकड़ करके आमने-सामने रख सकें। तीसरी चीज यह है कि आपने खोसला कमीशन की रिपोर्ट पर थोड़ा सा अमल किया है लेकिन ज्यादा चीजों पर अमल नहीं किया है। जबतक आप उनपर भी अमल नहीं करेंगे तब तक कुछ होने वाला नहीं है। चौथी चीज यह है कि जो डेटेक्शन और इवेस्टिगेशन का स्टाफ है, उसको आप अलग कीजिए। ला ऐन्ड आर्डर और डिग्निटरीज को मेनटेन करने के लिए आप अलग करिए। इसके अलावा आप एक पुलिस कमिशनर का एपवाइन्टमेंट कीजिए। यहां पर कोई यूनिफाइड स्थारिटी नहीं है। कहीं पर डी० एस०, कहीं पर आई० जी० और कहीं पर कोई दूसरा है। अगर आप यूनिफाइड एडमिनिस्ट्रेशन करेंगे तो उसमें पुलिस कमिश्नर को जिम्मेदार ठहराइए। आज तो यह हालत है कि किसी थानेदार या कांस्टेबिल के खिलाफ कार्यवाही करनी पड़ती है तो वह बिना डी० एम० की पर्मीशन के नहीं हो सकता है। आप पंजाब पुलिस रूल्स में अमेंडमेंट कीजिए और जैसा बाम्बे और दूसरे बड़े शहरों में है वैसा ही यहाँ पर करिए। इंटेलिजेंस का एक विंग अलग करिए। क्राइम ब्रांच है लेकिन वह इंटेलिजेंस का काम नहीं करती। क्राइम के ऊपर इंटेलिजेंस करिए। अभी तो यह पोलिटिकल पार्टीज के ऊपर ही करती है ...(**व्यवधान**)...

आखीर में एक बात कहकर समाप्त करूँगा कि मैं मानता हूँ कि अकेले पुलिस का यह काम नहीं है। जब तक उनके साथ पब्लिक का कोआपरेशन नहीं होगा तबतक काम होने वाला नहीं है। पब्लिक का कोआपरेशन लेने के लिए भी पुलिस को कोशिश करनी चाहिए। जो सोशल और दूसरे आर्गिनाइजेशन्स हैं उनका भी

[श्री कंवर लाल गुप्त]

फर्ज है कि ये जो क्राइम्स होते हैं उनके खिलाफ लोगों में जागृति पैदा करें। और पुलिस और जनता मिलकर के सरकार से पूरा सहयोग करे, इस प्रकार से अगर काम होगा तो मैं समझता हूं कि उसपर कुछ कंट्रोल हो सकता है। नहीं तो हालत यह हो रही है कि दिल्ली एक शिकागो बनती जा रही है और दिल्ली के लोगों पर एक आतंक छाया हुआ है, और कोई नहीं कह सकता कि सिक्योरिटी कहां तक है।

इन शब्दों के साथ मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि वह समय दें और जो पुलिस कमीशन की रिपोर्ट है उस पर जल्दी से जल्दी अमल करायें।

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour) : Delhi has crime galore with about 13,488 policemen, 75 DSPs and a galaxy of many other officers with various imported gadgets. Of course, today they are all busy for Nixon. If there is a murder, 5 murders or even 20 murders all over Delhi, you will not find a single policeman to deal with that situation. They are all there to serve the old, big Master from across the seas.

We in Delhi have been spending Rs. 3.42 crores a year for 36 lakhs citizens. That works out to Rs. 9.52 per head per annum. At the same time, people are paying Rs. 20 per head per annum for so-called defence of the country. In this wonderful city, policing is wholly in the hands of the Jan Sangh Delhid Aministration.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : Not at all.

SHRI JYOTIRMOY BASU : It is in the hands of the Home Ministry. Things are happening under the very nose of that Ministry. The Jan Saugh runs the Delhi administration. Here they are collaborating and watching while they criticise when such things are happening in others States. May I tell the Home Ministry and the Jan Sangh party here : Doctor, treat thyself.

Shri Jha had said that the politicians are hand in glove with the criminals. Of course, he has modified that statement later. But we are not interested in that. It is a fact. It is a good thing that it has been said. People here have known it all along.

The Home Ministry and the Jan Sangh in order to cover up these things try to find fault with others. They whip up the press. They talk about the Rabindra Sarovar incident which is nothing but a myth. In Delhi, there have been 4 murders in a day. Nobody feels secure.

SHRI C. K. BHATTACHARYYA (Raiganj) : He is going through a mid-summer night's dream.

SHRI JYOTIRMOY BASU : From diplomats to girl students, none is safe. An Arab diplomat was butchered the other day. A woman administrative officer of the Brazilian embassy was murdered. There was an article in *The Statesmen* graphically describing how girls students going to schools and colleges are molested, insulted and humiliated under the very nose of the Home Ministry, though they pose themselves with such efficiency as the big watchdogs.

Minorities in the city have many things to say. They have been feeling very insecure.

SHRI C. K. BHATTACHARYYA : Have you studied the law and order situation in West Bengal ?

SHRI JYOTIRMOY BASU : Thefts and burglary have touched an all time high in Delhi. According to official figures, more than 5,000 thefts and burglary cases were reported during the past six months. Property worth nearly Rs. 50,000 was stolen. Kidnapping of girls also on the increase in Delhi. During January-June this year, 158 girls were kidnapped as against 128 during the corresponding period last year. Murders and attempts to kill have also registered a sharp increase during the past few months. According to official figures, 47 murders and 55 attempts to murder were reported in Delhi during the past six months as against 43 murders and 38 attempts during the same period last year. Car thefts and illicit distillation and everything else including smuggling, racketing in foreign exchange, espionage for foreign countries and all sorts of crimes are being com-

mitted. Why ? Because the British tailored police department cannot cater to people's needs. But it know how to suppress the people. They serve the purpose of their masters. Mr. Khosla said in one of his reports :

> "Among the higher staff there is lack of Proper supervision control and discipline. This must be added to the other distressing factors."

The police misuse the power and harass innocents. When we were in Tihar Jail we were told by half a dozen persons that as soon as they came out of jail they were arrested and put back. I met a man who had been in jail twenty times in the last three years. Immediately he comes out and is in New Delhi he is caught and sent back. Their past record speaks of the Sadhu riots and the events in Connaught circus on New Year's Eve. And then this 144. When trade union people demonstrate for their living, they are repressed. The whole city is an ocean of 144. We know what atrocities they committed in the Indraprastha Estate.

When it comes to a question of tackling crime, it seems they do not move because they are hand in glove with the criminals. Mr. Khosla says that except in maintaining order during demonstrations which can be done by any trained armed force, the Delhi police have been unable to acquit themselves creditably in any aspect of real police work. They are experts in suppressing people. When we led a peaceful demonstration of unemployed boys who came all the way from Kerala, we were lodged in Tihar jail for ten days. The Minister should take note that the police force is not meant to serve the V. I. Ps and isolated Government leaders who require police protection but it must serve the people. It must not all the time devote its energy to serve the V. I. Ps or do political blackmailing and tapping of our telephones or opening of our letters. Crime is generated out of Government's wrong policies and economic measures. I say orient the police to serve the people and draw the police force on a lien basis from different States. That will perhaps solve your problem permanently. They must also stop dragging them into politics.

श्री शशि भूषण (खारगोन) : सभापति महोदय, दिल्ली की आबादी बहुत अधिक है, इसकी वजह से यहां की पुलिस पूरा इन्तजाम नहीं कर पाती। उनकी संख्या और बढ़ाई जानी चाहिये। मैं इस बात से भी सहमत हूँ कि यहाँ पुलिस कमिश्नर बहुत जल्दी बनाया जाना चाहिये। खास तौर से चूंकि दिल्ली में खर्च बहुत ज्यादा है इसलिये यहाँ की पुलिस के जो सिपाही हैं उनके भत्ते और तनख्वाह और बढ़नी चाहिये। साथ ही जो उनकी ड्रेस है वह कम से कम और अच्छी बननी चाहिये। सारे संसार से, चाहे रूस हो, चाहे अमेरीका हो, चाहे जापान या ब्रिटेन हो, अफसरों और सिपाहियों की वर्दियाँ एक होती हैं। सिर्फ उन के स्टार्स थोड़े से बदल जाते हैं। लेकिन यहाँ के सिपाहियों की वर्दिया इतनी गन्दी हैं जिसका ठिकाना नहीं है। उनको दूर दूर जगहों से आना पड़ता है, लेकिन उनके लिये बसों का इन्तजाम नहीं है। न ही उन के रहने की कोई ठीक व्यवस्था है। उनकी कोई कल्चरल बैकग्राउंड नहीं है। इन हालत में वह कैसे काम कर सकते हैं ?

दूसरी बात यह है कि यहां के थानों में ज्यादा से ज्यादा पोलिटिकल लोग बैठने लगे हैं। इस बात पर एक कमिशन मुकर्रर होना चाहिये कि कितने एम पीज जरा जरा से कामों में सिफारिश के लिये बैठे रहते हैं। मेट्रोपोलिटिन कौंसिल के मेम्बर भी आम तौर पर थानों में बैठे रहते हैं। जब भी हम वहां जाते हैं तब थानेदार और पुलिस वाले शिकायत करते हैं।

यहां जो गरीब मुसलमान और हरिजन झुग्गी झोपड़ियों में एक लाख की तादाद में रहते थे उनको यहां से बीस बीस, बाइस बाइस मील दूर भेज दिया गया है। वहां उनकी रोजी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिये आज उन में से बहुत से लोग क्राइम्स करने लगे हैं। इस में कोई सन्देह नहीं है कि यहां पर पिछले दो सालों में क्राइम्स बढ़े हैं। जो यहां का लोकल ऐडमिनिस्ट्रेशन है अगर उसने इधर ध्यान दिया होता कि जिन लोगों को वह बाहर भेज रहा

[श्री शशि भूषण]

है वह सुविधापूर्वक वहां रह सकें तो वह इस तरह की क्राइम्स की ओर न बढ़ते। यहां के सरकारी पार्क्स में देखिये, जो अदालते हैं वहाँ के पार्क्स में जाकर देखिये, छोटे छोटे बच्चों को छुरा मारना सिखलाया जाता है, लाठी चलाना सिखलाया जाता। आखिर इस तरह से वह बड़े होकर क्या करेंगे अगर ऐटमिक एज में बच्चों को छुरा चलाना सिखलाया जाय या लाठी चलाना सिखलाया जाये ? जहां बच्चों को अच्छी तालीम मिलनी चाहिये वहां यह सब कुछ होता है। इसके लिये जिम्मेदार दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन है और उस में सुधार की आवश्यकता है।

साथ साथ मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि अगर दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन थोड़ा कोआपरेट करे यहां के लोगों के साथ तो यहाँ की जनता जो चाहती है कि वालैंटरीली मदद द्वारा क्राइम कम हो, जन सहयोग से वह कम हो जायेगा, बल्कि बिल्कुल खत्म हो जायेगा। लेकिन कोआपरेटिव डिपार्टमेंट और दूसरे जितने सरकारी डिपार्टमेंट दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन के हैं उनमें रिश्वत बढ़ी है, उनमें भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। वह रोका नहीं जा सकता, इसलिए कि राजनीति का बहुत ज्यादा दखल हो गया है। अगर उससे थोड़ी आजादी मिले, लोकल पुलिस को थोड़ी सी सांस मिले, उनकी आर्थिक अवस्था ठीक की जाय और खास तौर से सिपाहियों को मनोबल बढ़ाया जाये तो यह क्राइम कम हो जायेंगे।

श्री बलराज मधोक (दक्षिण दिल्ली) : सभापति महोदय, दिल्ली में लाकानूनी बढ़ रही है, इसके बारे में कोई दो मत नहीं होंगे। मंत्री महोदय कुछ फिगर्स बतला देंगे और कहेंगे कि क्राइम बहुत ज्यादा नहीं बढ़े। लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि आज इस तरह के क्राइम्स बढ़ रहे हैं जो पब्लिक में होते हैं सार्वजनिक सभाओं में होते हैं। अपहरण के क्राइम बढ़ रहे हैं, जिनका आम जनता पर आतंक अधिक होता है और जिनसे लगता है कि क्रिमिनल्स का किसी को डर नहीं है। इस तरह के जो क्राइम्स बढ़ रहे हैं दिल्ली में वह बहुत ज्यादा खतरनाक है। इसके कारण क्या हैं यह कुछ खोखला कमिशन ने बतलाया है, कुछ श्री कंवरलाल गुप्त ने बतलाया है। मैं उनमें अधिक नहीं जाना चाहता। जो दो मुख्य कारण हैं मैं केवल उनकी ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ।

एक कारण तो यह है कि दिल्ली में दो-अमली हैं। दिल्ली में ला-ऐंड आर्डर होम मिनिस्ट्री के अन्तर्गत है और दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन का इसमें किसी प्रकार का हाथ नहीं है। यह डायर की हिन्दुस्तान में 1919 में अंग्रेजों ने प्रान्तों में शुरू की। उसका परिणाम हमारे सामने आया है। आज वही परिणाम दिल्ली में हमारे सामने आ रहा है। जो जनता के प्रतिनिधि हैं उनका पुलिस पर कोई कंट्रोल नहीं, कोई चेक नहीं, और न उनकी कोई परवाह करता है। जिनके हाथ में पुलिस का कंट्रोल है उनका दिल्ली की जनता के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है। इतना ही नहीं जो केन्द्रीय मंत्री हैं, उनमें से हर कोई चाहता है कि दिल्ली में उसकी एम्पायर बनी रहे। इस तरह के भी आम चार्जेज हैं कि उनका सम्बन्ध ऐसे बहुत से लोगों से है जो ऐन्टी-सोशल हैं। मुझे याद है 1966 में दिल्ली प्रशासन की जो पब्लिक रिलेशन्स कमेटी थी उसमें दिल्ली कांग्रेस कमेटी के प्रधान, मीर मुश्ताक अहमद ने कहा था कि जिस समय हमारी आज की प्रधान मंत्री कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की लीडर चुनी गई, उस समय जिस व्यक्ति के साथ वह खुली कार में गई वह दिल्ली का एक मशहूर गुन्डा है, और उस समय अमृत बाजार पत्रिका और स्टैन्डर्ड में उनके चित्र भी छपे थे। जब इस तरह के देश के उच्चतम मंत्री का सम्बन्ध इस प्रकार के व्यक्ति के साथ होता तो बेचारी पुलिस क्या कंट्रोल कर सकती है। मैं यहां पर खुद किसी व्यक्ति पर लांछन नहीं लगाना चाहता, मगर मीर मुश्ताक अहमद खुद, जो

कि दिल्ली कांग्रेस कमेटी के प्रधान हैं, दिल्ली प्रशासन की नोटिस में यह चीज लाये थे। जब तक यह चीज चेक नहीं होगी, तब तक आप कुछ भी करते रहें, दिल्ली में ला-ऐन्ड आर्डर ठीक नहीं हो सकता।

इसलिए मेरा सुझाव है कि दिल्ली के बारे में पुनर्विचार किया जाना चाहिए। यह उचित भी है क्योंकि दिल्ली देश की राजधानी है। आज तक दिल्ली का ला-ऐन्ड आर्डर बराबर केन्द्र के हाथ में रहा। लेकिन यह अनुभव फेल हुवा मेरा सुझाव है कि दिल्ली का ला-ऐन्ड आर्डर ट्रांसफर करना चाहिए दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन के हाथ में। मगर मंत्री जी चाहते हैं कि चूँकि यहां पर एम्बैसीज हैं, और दूसरी चीजें हैं इसलिए वह अधिकार अपने हाथ में रक्खें। मैं कहना चाहता हूँ कि नई दिल्ली म्यूनिसिपैलिटी का जो इलाका है, जहां पर एम्बैसीज वगैरह हैं वहां पर वह अपना एस० पी० रख सकते हैं, कुछ और अपना अधिकार रख सकते हैं, लेकिन बाकी भाग, जिसकी आबादी 40-50 लाल है और जम्मू और काश्मीर की आबादी से या हिमाचल प्रदेश की आबादी से ज्यादा है, का ला ऐन्ड आर्डर दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन के हवाले करना चाहिए, ताकि जो आम जनता के नुमाइन्दे हैं, जो जनता के प्रति जवाबदेह हैं वह उसके बारे में कुछ कर पायें। अन्यथा यह दो अमली चलती रहेगी और यहाँ की लाकानूनी बढ़ती रहेगी।

SHRI N. SHIVAPPA (Hassan) : Mr. Chairman Sir, Delhi is the centre of the Ram Rajya of our friends. It is supposed to be the place from where we have to spread our policies. What is the position of Delhi ? It has been already pictured by my hon. friends who run the Delhi Administration now.

Sir, too many cooks spoil the broth. This is a famous proverb. There is the usual quarrel between the Jan Sangh Administration and the Central Government to have the police control in this capital city of our country. Because of this quarrel the citizens of this city, who constitute the third party, are suffering.

I think the hon. Minister has received many complaints in this regard. I want to invite his particular attention to this fact that in a South Indian colony near Moti Bagh there is a regular illicit liquor manufacturing centre which is now governed under the sanctity of prohibition, a policy for which Mahatma Gandhi sacrificed his life and left a slogan on his friends. It is continuously being run with the co-operation and in collusion with the so-called police officers in the capital city of Delhi. The residents there have said that this should be stopped as otherwise there may be innumerable murders. The hon. Minister received such a complaint and the next morning there was a murder of a teen-aged boy. Till this day not even an iota of effort has been made by the Delhi Police to investigate it and see that relief the given to the people there. Why should there be this police if they cannot protect the people ? Are they meant only to safeguard the ministers and carry their articles.

I would like to bring a very recent incident to the notice of the hon. Minister. In 'I' Block in Sarojini Nagar the wife of one of the employees of Lok Sabha Secretariat was sitting just in front of her quarter. An attempt was made by someone who came in a car to remove her necklace. This kind of daylight robbery is allowed under the misrule or inefficient rule of the Delhi Police, whoever may be the person concerned. The law and order situation in the capital is very bad. Because of this quarrel between the two administrative organs the people are feeling a sense of insecurity. Law and order in the capital has been completely paralysed.

These are the instances. We may quote innumerable cases but I want to suggest only a few points. My hon. friend has made the point that they are not properly clothed and equipped. They have been sufficiently provided with. Many quarters have been provided to them. Many buildings have been constructed. Police officers are getting a lot of bribery and they are well off economically.

My first suggestion in that there should be a uniform system of registering cases, of taking cognisance of them and then saying whether there is a cognisable case or whether there is material for the case or other-

[Shri N. Shivappa]

wise. The police officers do not at all care to take cognisance of it when a public man goes to lodge a complaint. So, the Minister should instruct the police officials to take cognisance of cases and then to gather evidence or material and seek the co-operation of the public. How can public co-operation come if police officers do not care to register cases even ?

Then, the highest man in Delhi Police administration is going to be a Delhi man and Delhi Police officials will not be transferred to other places. This gives them the determination that whatever wrong they may commit they will be happy in the capital city with all their luxury and bribery earnings. They should be changed and transferred from this place to other places. Any intelligent man in this country should be appointed to the highest post of authority in the Delhi Police administration irrespective of whether he comes from here or somewhere outside Delhi. Are they here only to construct bungalows ? There was an incident when one Mehta was the IG Police here. He had given instructions that nobody should enter his premises. If there is a good man in Madras or Bengalore, let him be put as IG of this place. Why should there be this parochial and disintegrating attitude that only Delhi people should enjoy the privilege that no police officer from here would go to other places ? This order should be changed.

Police administration is a State subject. Why is the Centre keeping it with itself ? The Central Government has got the military and other capacities to protect embassies and so many other dignitaries and VIPs. So far as the common man's administration is concerned, it is a State subject. The Government must decide and see that the police administration is handed over to the State administration. When the Jana Sangh says this, it may be parochial, but when we people also say that, it must be taken into consideration. I hope, the hon. Minister will concede this.

It is a very important subject and there are many suggestions that I want to make. Please give me two minutes just to make suggestions.

MR. CHAIRMAN : Please finish your speech now. There are many speakers from different parties.

SHRI N. SHIVAPPA : So far as lodging of complaints is concerned I want that education for lodging complaints should be started by the police. If I take a complaint to the police station, I will write it in my own language and I do not know law. So, there should be an education campaign by the Police Department to educate people on how to lodge complaints in a particular language, whether Hindi or English. If a police officer receives a complaint, he says that it is a bogus complaint and throws it in the waste paper basket. So, let there be education for the poor and the innocent people who do not know how to lodge a complaint. The question of investigation requires the technique of a police official, so to seek co-operation from the public let there be a system of education.

I have so many other suggestions to make which are very valuable, But in the interest of the public and the nation, it is high time that the Minister put his concrete inclination to see that some change is brought about both in the administration and other thing and clear out the abhorrence in the mind of the public and at least get a good name in the interest of the nation though not in the interest of his party.

सभापति महोदय : माननीय सदस्य ज्यादा समय न लें । बहुत से माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं । अगर माननीय सदस्य थोड़ा-थोड़ा समय लें, तो काफी माननीय सदस्यों को बोलने का अवसर मिल सकता है ।

श्री इसहाक सम्भली (अमरोहा) : चेयर मैन साहब, टाइम बढ़ाना पड़ेगा ।

सभापति महोदय : टाइम को नहीं बढ़ाया जा सकता है ।

श्री प्रेम चन्द वर्मा (हमीरपुर) : सभापति महोदय, मैंने चिट्ठी लिखकर दी हुई है । क्या मुझे बुलाया जायेगा या नहीं ?

सभापति महोदय : माननीय सदस्य अभी अपनी सीट पर नहीं थे । इसलिये मैंने श्री

बाजपेयी को बुला लिया। अब उन्हें बाद में मौका दिया जायेगा।

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : दो मिनट मुझे भी दिये जायें।

श्री कंवरलाल गुप्त : थोड़ा टाइम बढ़ा दिया जाये।

श्री इसहाक सम्भली : चेयरमैन साहब, थोड़ा टाइम तो बढ़ाना चाहिए।

सभापति महोदय : श्री कुण्डू।

SHRI DHIRESWAR KALITA (Gauhati): Unless you extend time, how can you accommodate them ?

MR. CHAIRMAN : I will adjust that but I am not going to extend the time.

SHRI S. KUNDU (Balasore) : Mr. Chairman, Sir, we have discussed this matter many times in this House. Whenever we want certain things to be done on the basis of the khosla reports submitted, the Government has come out with a positive a positive denial. The question is in what attittude you are going to see the police administration. That is the moot point here.

The British people used police as an implement of coercion. The British people equipped police only with *danda*. When they thought of having a *daddaraj*, they utilised the police. With the change of times, we have never given new orientation, a new outlook, to the police administration. The British people kept the police at the lowest income level because they did not bother about its utility to Seciety. They somehow through training inculcated all animal instincts. Whenever they wanted them to open fire and use *lathis*, the police force was trained to oblige them.

In the last twenty years, the police force have not basically changed. Before we go into all the problems, we would like to analyse the type of crimes. Particularly, in big cities like Delhi, there are different types of crimes. One type of crimes is a psychological phenomenon, the crimes committed by the affluent section of the society and the sons of the affluent fathers and mothers. They pick up such hobbies which make them indulge in a spree of vulgarisation. Then, there is another type of crimes performed by the habitual offenders, foreign exchange racketeers and such other offenders. There are other type of crimes which take place behind the screen in the darkness of the night. To study these things, to understand these problems and to meet these challenges, some sort, of basic capacity is necessary. Training is necessary. Lot of education is necessary ; a better quality police force is necessary. The Khosla Commission has said that. Can you ever think of semi-illiterate constable getting Rs. 70 to understand all these things ? It is impossible : You want to entrust law and order problem in city like Delhi to a constable who gets Rs. 70 or so ? The Khosla Commission has said that Rs. 125 should be minimum wage for constables. The minimum wage of workers in factories in Delhi is Rs. 230. The Government is not prepared to accept the recommendation. Unless you go into basic things, you cannot achieve anything.

There are two aspects of the Khosla Commission Report. One aspect deals with the emoluments of the police. Another aspect is how the deficiency in the police administration could be rectified. I want a categorical answer from the hon. Minister. These things could be sorted out in two days. Give me police administration and in two days I will set it all right. You sit with the police officers and others and see whether you can square out the deficiency which has been pointed here. Khosla Commission says there is no structural integration. Nobody knows who is the master in the police administration. You can set it right in one day. You can make the Commissioner or somebady responsible for the entire department. Nobody knows who is to obey whose command.

